# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: 2025-26**

| कक्षा:-7 | विषय: हिंदी व्याकरण | पाठ: अविकारी शब्द अभ्यासपत्रिका 6 |
|---|---|---|

**प्रश्न 1.. नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प चुनिए-**

**(1) 'मेरे नाना जी तेज चलते है।' उक्त वाक्य में क्रियाविशेषण शब्द है -**

**(क) नाना जी**

**(ख) तेज**

**(ग) चलते है।**

**(2) समुच्चयबोधक का उदाहरण है -**

**(क) अन्यथा**

**(ख) अधिक**

**(ग) भीतर**

**(3) निम्न में से रीतिवाचक क्रियाविशेषण का उदाहरण है -**

**(क) दिनभर**

**(ख) ध्यानपूर्वक**

(ग) इधर - उधर

(4) जिन शब्दों पर लिंग, वचन, काल का प्रभाव नहीं पड़ता उन्हें कहते है।

(क) विकारी शब्द

(ख) अविकारी शब्द

(ग) उक्त में से कोई नहीं।

(5) निम्न में से अविकारी शब्द नहीं है -

(क) विशेषण

(ख) संबंधबोधक

(ग) विशेषण

(6) विस्मयसूचक चिह्न है -

क)?

(ख) ।

(ग) !

(7) 'तुम सब भीतर जाओ।' उक्त वाक्य में स्थानवाचक क्रियाविशेषण है-

(क) तुम सब

(ख) भीतर

**(ग) जाओ**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में से समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक छाटिएँ ।**

**(क) अपना स्वभाव बदलो अन्यथा पछताओगे।**

**(ख) सभी जानते हैं कि सूरज पूरब दिशा में उगता है।**

**(ग) मोहित मुम्बई जा रहा है इसलिए आपसे नहीं मिल सकेगा।**

**(घ) अरे! अर्चित ने दौड़ जीत ली।**

**(ङ )हाय! मीना छत से गिर गई।**

**(च) हे राम। गर्मी से जान निकल रही है।**